CRPF in Jharkhand: Landing a Compassionate Hand

Fighting routine battle against the Anti National Elements and crushing violent propaganda of the adversaries to sustain and maintain a peaceful internal security apparatus of the Nation, CRPF Men have often been on the leading social front in diffusing crisis and lending a compassionate hand to the common man.

This predominant trait of the force was again on display when couple of our officers were travelling in Jharkhand, yesterday on 28th March.

Two young civilian boys, critically injured in a road accident, were bleeding profusely and lying unattended at the roadside on Chaibasa-Ranchi Highway.

Just then Shri H.S. Rawat, DIG CRPF Range Chaibasa and Shri Premchand Bhuria, Commandant,174 Battalion CRPF happened to cross the spot.

Immediate arrangements were put in place to evacuate and hospitalise the injured in their vehicle.

This timely rescue helped in saving precious young lives, who are on recovery track now.

Shri Sanjay A Lathkar, IGP, Jharkhand Sector, CRPF congratulate our officers & men for this wonderful humanitarian gesture.

हिन्दुस्तान — 29.03.2019

कमांडेंट ने पेश की मानवता की मिसाल

चाईबासा। चाईबासा में गुरुवार की सुबह सीआरपीएफ के 174 बटालियन के कमाण्डेन्ट डॉ. प्रेमचन्द ने मानवता की मिसाल पेश करते हुए न सिर्फ सड़क दुर्घटना में घायल दो युवकों को सड़क किनारे उठाया बल्कि अपनी गाड़ी में बैठा कर सदर अस्पताल भी पहुचाया। चाईबासा चक्रधरपुर मार्ग में खूटपानी के समीप दुर्घटना में घायल हो कर दो स्कूटी सवार युवक सड़क पर बेहोश पड़े हुए थे। उसी समय वहां से गुजर रहे डा. प्रेमचन्द की नजर उन पर पड़ी। उन्होने गाड़ी रोक कर दोनो घायलों को उठवाया और अपनी स्कार्पियों से चाईबासा सदर अस्पताल पहुचाया। घायलों में खूंटपानी के पासुहातु निवासी सिराम हेम्ब्रम एवं बड़कुंवर हेम्ब्रम शामिल हैं।

दैनिक जागरण — 29.03.2019

घायलों को कमांडेंट ने पहुंचाया अस्पताल

सदर अस्पताल में इलाजरत सिराम हेंब्रम

यह तस्वीर प. सिंहभूम जिला मुख्यालय के सदर अस्पताल की है। गुरुवार को चाईबासा–चक्रधरपुर मुख्य मार्ग पर सड़क हादसे में बुरी तरह जख्मी मरीजों को सीआरपीएफ कमांडेंट डॉ. प्रेमचंद ने अपनी गाड़ी से सदर अस्पताल पहुंचाया। यहां जमीन पर मरीज को लेटाकर स्लाइन चढ़ाया गया। वहीं स्वास्थ्यकर्मियों ने कहा कि बेड नहीं होने के कारण ऐसा हुआ • मनीष दास

संवाद सहयोगी, चाईबासा : चाईवासा-चक्रधरपुर राष्ट्रीय उच्च पथ 75ई में खूंटपानी गांव के पास दो युवक सड़क दुर्घटना में घायल होकर खेत में पड़े हुए थे। उसी मार्ग से सीआरपीएफ 174 वटालियन के कमांडेंट डॉ. प्रेमचंद्र गुजर रहे थे। जैसे ही उन्होंने सड़क किनारे पड़े तड़पते घायल युवकों को देखा तत्काल अपनी गाड़ी को रोककर मानवता का परिचय देते हुए दोनों घायल युवकों को अपनी गाड़ी में बैठाकर सदर अस्पताल पहुंचाया। इस संबंध में कमांडेंट डा. प्रेमचंद्र ने कहा कि जरुरी कार्य से रांची की ओर जा रहे थे। इतने में दो युवक स्कूटी से गिरकर सड़क किनारे पड़े हुए थे। जिसमें सिराम हेंब्रम और वर्ड कुमार हेंब्रम दोनों पासाहातु शारदा के रहने वाले हैं। दोनों किसी कार्य से जा रहे थे, उसी दौरान उनका स्कूटी अनियंत्रित होकर पलट गई। जिससे दोनों सड़क किनारे वेहोश पड़े थे।

प्रभात खबर–29.03.2019

तेज रफ्तार स्कूटी से गिरकर दो लोग घायल

- चाईबासा–चक्रधरपुर मुख्य मार्ग पर शारदा के पास हुई घटना
- प्राथमिक उपचार के बाद एमजीएम जमशेदपुर रेफर

चाईबासा . चाईबासा-चक्रधरपुर मुख्य मार्ग पर शारदा के पास स्कूटी पर सवार दो लोग सड़क हादसे में घायल हो गये. घटना गुरुवार सुबह करीब 9.30 बजे की है. घायल होनेवालों में मुफस्सिल थाना क्षेत्र के पासुहातु निवासी श्रीराम हेंब्रम (35) और बड़कुंवर हेंब्रम (32) शामिल हैं. स्कूटी चालक बड़कुंवर हेंब्रम के दोनों हाथ तथा श्रीराम के नाक और शरीर के विभिन्न हिस्सों में गंभीर चोटें आयी हैं. दोनों शारदा के पास सड़क पर बेहोश पड़े थे, जिन्हें उसी समय वहां से गुजर रहे सीआरपीएफ 174वीं बटालियन के कमांडेंट डॉ प्रेमचंद व सीआरपीएफ के जवानों ने घटना स्थल से उठाकर इलाज के लिए सदर अस्पताल भेजवाया. अस्पताल में प्राथमिक उपचार करने के बाद उक्त दोनों की स्थिति गंभीर होने पर चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए एमजीएम जमशेदपुर रेफर कर दिया. जानकारी के अनुसार वे दोनों सुबह स्कूटी से अपने रिश्तेदार के घर खूंटपानी जा रहे थे. उसी दौरान शारदा के पास दोनों स्कूटी अनियंत्रित होने से गिर गये.